CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 171 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 13 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## सीएम भजनलाल शर्मा ने 50 विकास रथों को रवाना किया

### दो वर्ष में 70% वादे पूरे करने का दावा, युवाओं-किसानों के लिए बड़ी घोषणाएँ





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान से 50 विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है और सुशासन का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखना ही इस यात्रा का उद्देश्य है। विकास रथ सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर तक सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और सुझाव पेटिका के माध्यम से जनमत संग्रह का कार्य करेंगे।

### 70% वादे दो साल में पूरे-सीएम

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने पानी-बिजली के क्षेत्र में रिकॉर्ड काम करते हुए 22 जिलों में दिन में बिजली उपलब्ध कराई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत दी जाने वाली राशि को 9,000 रुपये से बढ़ाकर चरणबद्ध रूप से 12,000 रुपये किया जाएगा। उन्होंने दीपावली महोत्सव के यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल होने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी।

### युवाओं को रोजगार ,92 हजार नियुक्तियाँ, 20 हजार और इस माह

सीएम ने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में अब तक एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। 92 हजार सरकारी नौकरियाँ दी जा चुकी हैं और 20 हजार नियुक्तियाँ इसी महीने जारी होंगी। राइजिंग राजस्थान के माध्यम से 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए, जिनमें से 8 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट जमीन पर उतर चुके हैं। निजी क्षेत्र में ढाई लाख रोजगार अवसर पैदा किए गए हैं। जल्द ही राज्य युवा नीति भी लाएगा।

### किसान-महिला-गरीबों के लिए बड़ी योजनाएँ

शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत 25 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज उपलब्ध है। 70 लाख जरूरतमंदों को एनएफएसए में जोड़ा गया है, गरीब परिवारों की महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिल रहा है, वहीं लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत बालिकाओं को 1.50 लाख रुपये दिए जा रहे हैं।

### बिना भेदभाव सभी 200 विधानसभाओं को विकास निधि

सीएम ने कहा कि दो वर्षों में उनकी सरकार ने कानून व्यवस्था सुदृढ़ की है और सभी विधानसभाओं में बिना भेदभाव के विकास निधि आवंटित की है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने भी सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में विकास रथ की भूमिका महत्वपूर्ण बताई। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राज्य सरकार ने दो वर्ष पूर्ण होने पर सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में 200 विकास रथ भेजे हैं, जो ऑडियो वीडियो माध्यम से योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएंगे।

## रेस्क्यू के दौरान लेपर्ड का वनकर्मियों पर हमला , चार घायल, आधे घंटे बाद तेंदुए की मौत





**भीलवाड़ा फोकस @राजसमंद।**

जिले के नेगड़िया गांव में शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रेस्क्यू अभियान के दौरान घायल लेपर्ड अचानक वन विभाग की टीम पर टूट पड़ा। हमले में चार वनकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। साथी कर्मचारियों ने जान जोखिम में डालकर घायलों को खेतों से कंधों पर उठाकर सड़क तक पहुंचाया। करीब आधे घंटे बाद वही घायल लेपर्ड मृत मिला। घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम गोमती-उदयपुर हाईवे पर घायल लेपर्ड दिखाई देने की सूचना वन विभाग को मिली। टीम रात 8:30 बजे मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण लेपर्ड को ट्रेंकुलाइज नहीं किया जा सका। इस दौरान वह हाईवे से करीब 100 मीटर दूर खेतों की ओर चला गया। रात 10 बजे तक प्रयास जारी रहे, पर सफलता नहीं मिली और टीम गांव में ही रुक गई। शुक्रवार सुबह 8:30 बजे अभियान पुनः शुरू किया गया। घायल होने के कारण टीम ने लेपर्ड को जाल की सहायता से पकड़ने की योजना बनाई। वनकर्मी पन्नालाल (48), हरीश लोहार (48), घनश्याम पूर्बिया (32) और गिरधारी लाल (35) झाड़ियों में आगे बढ़ रहे थे। टीम के अनुसार लेपर्ड पहले दो बार हमला करने की कोशिश कर चुका था। तीसरी बार वह अचानक झाड़ियों से निकलकर चारों पर झपट पड़ा और उन्हें गहरे घाव दे गया।

हमले के बाद टीम के अन्य सदस्यों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और घायलों को कंधों पर उठाकर गाड़ियों तक पहुंचाया। सभी को एंबुलेंस की मदद से अनंता मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। पन्नालाल, हरीश और घनश्याम को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि गिरधारी के पैर में गंभीर चोट आने से उनका इलाज जारी है।

लगभग 30 मिनट बाद जब टीम दोबारा खेत में पहुंची, तो लेपर्ड मृत अवस्था में पड़ा मिला। रेंजर लादूलाल शर्मा ने बताया कि तेंदुए की उम्र करीब सात वर्ष थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नाथद्वारा की लिलेरा नर्सरी भेजा गया है। प्रारंभिक आशंका है कि लेपर्ड किसी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल था और इसी कारण वह रेस्क्यू के दौरान अत्यधिक आक्रामक हो गया था।

## कुर्सी बची रही... काम नहीं हुआ , जूली का सरकार पर कटाक्ष

### नेता प्रतिपक्ष बोले-दो साल में न वादों पर प्रगति, न युवाओं को नौकरी ,किसान-गरीब और बेटियों की योजनाएं भी कागजों में अटकी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जहाँ भाजपा अपनी उपलब्धियों का बखान कर रही है, वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इसे सदी का सबसे बड़ा झूठ बताते हुए तीखा हमला बोला है। जूली ने कहा कि सरकार का 70% वादे पूरा होने का दावा जुमलों से भरा है और जनता अब इस सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है।

**अंता उपचुनाव ट्रेलर था, निकाय चुनाव टीज़र होंगे**

जूली ने कहा कि अंता उपचुनाव में भाजपा को जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया है, और आगामी पंचायत-राज व निकाय चुनावों में यह और साफ हो जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा खुद को पूर्व सरपंच बताते हैं, लेकिन पंचायत चुनावों पर रोक लगाकर लोकतंत्र को 'ब्यूरोक्रेसी' में बदल दिया है। '

**सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि , सीएम की कुर्सी बची रहना**

जूली ने कहा कि भाजपा सरकार के दो साल अंतर्विरोधों और खींचतान में बीते। 'इनकी एकमात्र उपलब्धि यही है कि मुख्यमंत्री पार्टी की आंतरिक लड़ाइयों के बावजूद अपनी कुर्सी बचाने में सफल रहे। कागजों में आंकड़े चमका रहे हैं, जबकि संकल्प पत्र के वादे धूल खा रहे हैं।

**किसानों पर वादाखिलाफी का आरोप**

जूली ने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि गेहूं 2,700 रुपये प्रति क्विंटल खरीदा जाएगा और बोनस भी दिया जाएगा, लेकिन किसान आज भी इसके लिए तरस रहा है। बाजरा एमएसपी पर खरीद का वादा अधूरा पड़ा है। उन्होंने कहा रोड़ा एक्ट में जमीन नीलाम न करने की बात कही थी, लेकिन आज भी किसान की जमीन कुर्की के नोटिस जारी हो रहे हैं। '



**युवा और नौकरियों पर बड़ा हमला**

जूली ने भाजपा के 2.5 लाख सरकारी नौकरियों और 'जॉब कैलेंडर' जारी करने के वादे को छलावा बताया। उन्होंने कहा युवा पूछ रहा है कि कैलेंडर कहां है? भर्तियां लटकी हैं, परिणाम अटके हैं। 1.50 लाख से ज्यादा पद शिक्षा विभाग में खाली हैं, जबकि वादा था कि एक साल में सभी पद भर दिए जाएंगे।

**चत्त से PG मुफ्त शिक्षा ,यह भी जुमला निकला**

जूली ने आरोप लगाया कि भाजपा ने गरीब बेटियों की चत्त से क्क्ष तक मुफ्त शिक्षा का वादा किया था, लेकिन उलटे स्कूल ड्रेस के 1,200 रुपये को घटाकर 600 कर दिया और उसमें भी सामान्य व ओबीसी वर्ग के गरीब बच्चों को बाहर कर दिया।

**पेट्रोल-डीजल पर भी वादाखिलाफी का आरोप**

जूली ने कहा कि चुनाव के समय भाजपा नेताओं ने पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने का दावा किया था। वादा किया था कि ड्डञ्ज कम किया जाएगा, लेकिन दो साल में सरकार ने कोई समीक्षा नहीं की। '

## दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, बैगों में छिपा ले जा रहे थे डोडा चूरा



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रतापनगर थाना पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से डोडा चूरा बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि बीती 9 दिसंबर को आईसी राजेन्द्र कुमार गश्त के दौरान सर्किट हाउस के पास पहुंचे तो दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन की ओर से अपने कंधे पर बैग लटकाए तेज कदमों से होटल लैंडमार्क के पास की गली की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस वाहन और जाप्ता को देखकर उनके व्यवहार पर संदेह हुआ। पीछा कर दोनों को रोककर पूछताछ की गई।

जिसमे एक ने अपना नाम प्रताप (77) निवासी पनिहारी, थाना बरवाला, जिला हिसार (हरियाणा) और दूसरे ने सुरेंद्र (47) निवासी सिसाय काली रावन, थाना हांसी, जिला हिसार बताया। पुलिस द्वारा रोकने के कारण पूछने पर वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और काफी घबराए हुए प्रतीत हुए।

तलाशी में प्रताप के बैग व सुरेंद्र के बैग में प्लास्टिक की पारदर्शी थैलियों में भरा पिसा हुआ डोडा चूरा मिला। पूछताछ में दोनों ने भी स्वीकार किया कि वे डोडा चूरा लेकर जा रहे थे। इस पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया।

प्रतापनगर थाना पुलिस द्वारा दर्ज मामले का अनुसंधान कोतवाली थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर द्वारा किया जा रहा है तथा तस्करी में शामिल अन्य व्यक्तियों की तलाश जारी है।

## अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाईः 150 टन बजरी ज़ब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

(दिलखुश) अवैध बजरी खनन के खिलाफ जिला खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम मेहरूकला स्थित गौशाला के पास चारागाह भूमि पर अवैध रूप से खनन कर जमा की गई करीब 150 टन बजरी को ज़ब्त किया। ज़ब्त की गई बजरी को खनन पट्टा धारक की सहायता से टीपी प्वाइंट मेहरूकला पर डलवाया गया है, जिसकी जल्द ही नीलामी की जाएगी।





कार्रवाई अधीक्षण खनिज अभियंता जे.के. गुरु बखूशानी, अजमेर तथा सहायक खनिज अभियंता मनोज कुमार तंवर के निर्देशन में की गई। इस दौरान खनि कार्यदेशक कौशल शर्मा एवं होमगार्ड की टीम मौके पर मौजूद रही।

चारागाह भूमि पर चल रहे अवैध खनन की शिकायत मिलते ही विभाग ने मौके पर पहुंचकर बजरी का पूरा स्टॉक जब्त किया। विभाग ने बताया कि चारागाह, राजस्व व वन भूमि पर अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

CMYK

# राष्ट्रीय राजमार्ग 758 पर फिर हुआ हादसा, शिक्षक दंपति सहित तीन लोग गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**

राष्ट्रीय राजमार्ग 758 पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार दोपहर मानगढ़ निवासी शिक्षक दंपति लाडपुरा से अपने घर लौट रहे थे, तभी रातियाखेड़ा गांव के निकट सामने से आ रही क्रेटा कार से उनकी बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। क्रेटा के पीछे चल रही अन्य दो कारें भी एक-दूसरे से टकरा गईं, जिससे हादसा भीषण हो गया। दुर्घटना में शिक्षक दंपति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



सूचना मिलते ही मांडलगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मांडलगढ़ चिकित्सालय ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद शिक्षक दंपति राजेश खत्री एवं रेवती रमण को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। दूसरी ओर नेनू सिंह शक्तावत लाडपुरा सहित तीन अन्य व्यक्ति भी हादसे में घायल हुए।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रातियाखेड़ा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क निर्माण के दौरान अनियमितता, पेट्रोलिंग की कमी और मॉनिटरिंग के अभाव में कई लोग अब तक अपनी जान गंवा चुके हैं। मांडलगढ़ डाक बंगला क्षेत्र से लेकर रेलवे स्टेशन तक सड़क के दोनों ओर भारी अतिक्रमण होने से वाहन चालकों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसी दौरान शुक्रवार दोपहर डाक बंगला चौराहे पर फुट के पत्थरों से भरी एक ओवरलोडेड ट्रॉली पलट गई, जिससे पूरा रास्ता जाम हो गया। स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन ने काफी मशक्कत के बाद पत्थरों को हटाकर मार्ग को पुनः सुचारु किया।

क्षेत्रवासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 758 पर बढ़ते हादसों और अतिक्रमण समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है।

# 1600 बैग यूरिया, भीड़ के आगे नाकाफी,खाद की किल्लत के साथ बिजली संकट से भी जूझ रहे किसान



**भीलवाड़ा फोकस @सावर**

**(दिलखुश)।** 11 दिन की प्रतीक्षा के बाद गुरुवार रात सावर उपखंड को 1600 बैग यूरिया की पहली खेप मिली, लेकिन शुक्रवार सुबह से उमड़ी किसानों की भारी भीड़ के आगे यह मात्रा भी कम पड़ गई। खाद लेने पहुंचे किसानों के कारण देवली रोड और अजमेर-कोटा हाईवे पर वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई।

खाद संकट के साथ किसान इन दिनों बिजली समस्या से भी परेशान हैं। कृषि कनेक्शन पर सिर्फ छह घंटे सप्लाई मिल रही है, जिससे खाद लेने की दौड़-धूप के बीच समय पर सिंचाई करना मुश्किल हो रहा है। इससे चना, गेहूं, सरसों सहित रबी फसलों पर असर की आशंका बढ़ गई है।

किसानों ने आरोप लगाया कि यूरिया का निर्धारित मूल्य 270 रुपए प्रति बैग है, लेकिन उनसे 330 रुपए वसूला जा रहा है और साथ में कोई अन्य कृषि उत्पाद भी नहीं दिया जा रहा। कई किसानों ने इसे मनमानी और अवैध वसूली बताया। सहायक कृषि अधिकारी बी.एल. मीणा ने बताया कि यह दिसंबर माह की पहली खेप है। मीणा ने बताया कि निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित डीलर का लाइसेंस तुरंत रद्द किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का विधायक ने किया लोकार्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

**गजानंद जोशी ।** ग्राम पंचायत पीपलुंद में शुक्रवार को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम सरपंच वेद प्रकाश खटीक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपीचंद मीणा ने भाग लिया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मीणा ने कहा कि जनता के सहयोग से क्षेत्र में विकास की गति तेज हुई है। मीणा ने कहा कि ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास




और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से क्षेत्र को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए सभी प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम में भाजपा जनप्रतिनिधि, सरपंचगण, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।


# भीलवाड़ा अभिभाषक संस्था चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न, रिकॉर्ड मतदान; उम्मेद सिंह अध्यक्ष निर्वाचित

## कई पदों पर कड़ी टक्कर, परिणाम घोषित होते ही बार परिसर में खुशी की लहर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला अभिभाषक संस्था का वार्षिक चुनाव शुक्रवार को उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चले मतदान में 970 सदस्यों में से 902 अधिवक्ताओं ने वोट डाले । मतदान के बाद मतगणना के साथ ही बार परिसर में प्रत्याशियों और समर्थकों की हलचल रही ।

अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में उम्मेद सिंह ने निर्णायक बढ़त बनाते हुए 673 मत प्राप्त किए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी रामपाल शर्मा को 452 मतों के अंतर से पराजित किया। अध्यक्ष पद पर मिली इस जीत के बाद समर्थकों ने नारेबाजी कर विजय उत्सव



मनाया।महासचिव पद पर पंकज कुमार दाधीच ने 273 मतों के अंतर से अपने प्रतिद्वंदी कुशल चंद्र पर जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में रवि गौरानी ने अपने प्रतिद्वंद्वी उदयलाल शर्मा को हराते हुए विजय प्राप्त



की। पुस्तकालय सचिव पद पर मुकाबला दिनभर चर्चा में रहा। प्रताप तेली ने 451 मत प्राप्त कर अभिषेक असावा को मात्र 9 मतों से हराया। यह परिणाम अंतिम दौर तक रोमांच बनाए रहा।सह-सचिव पद पर आदित्य सिंह चौहान ने जीत दर्ज कर युवा प्रतिनिधित्व को मजबूत किया।चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई और मतगणना पूरी होने पर बार परिसर में विजयी प्रत्याशियों को बधाइयाँ देने वालों का तांता लगा रहा।

# कुत्ते के मुंह में मिला नवजात का शव, पुलिस जांच में जुटी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर के बापू नगर क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक कुत्ता नवजात का शव मुंह में दबाकर घूमता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत कुत्ते से शव को छुड़ाया और प्रतापनगर थाना पुलिस को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार बापू नगर बंजारा बस्ती की ओर रहने वाले लोगों ने नवजात का शव मिलने की जानकारी दी। शव के कई हिस्सों को कुत्ते नोच चुके थे,



पुलिस ने शव को तत्काल अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया और जांच शुरू की।

# भारलियास गांव में दिनदहाड़े चोरी, लाखों का सामान पार



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

शंभूगढ़ थाना क्षेत्र के भारलियास गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब दिनदहाड़े अज्ञात चोर एक घर से नकद व कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना के समय घर का पूरा परिवार पास ही एक शादी समारोह में गया हुआ था।

चोरों ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और अलमारी व कमरों से करीब 30 हजार रुपए नकद, कपड़े व अन्य सामान पार कर लिया। परिवार के लौटने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।


सूचना पर शंभूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और भारलियास निवासी राम प्रसाद पुरोहित की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# फैक्ट्री के जहरीले धुएं से नाराज़ दो युवक चिमनी पर चढ़े

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

गुवारड़ी गांव में शुक्रवार को जहरीले धुएं के विरोध में दो युवक फैक्ट्री की चिमनी पर चढ़ गए। धुएं से जीवन मुश्किल होने की शिकायतों के बीच अचानक हुई घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया । देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएँ फैक्ट्री के बाहर एकत्रित हो गई और प्रदूषण के खिलाफ नारेबाजी करने लगी ।

सूचना मिलते ही मंगरोप थाना पुलिस और तहसील प्रशासन मौके पर पहुँचा। अधिकारियों ने युवकों को नीचे उतरने के लिए काफी देर तक समझाइश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक कार्रवाई का ठोस भरोसा नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री बाहर सूटिंग यूनिट का बोर्ड लगाकर अंदर टायरों से ऑयल बनाने का अवैध और अत्यंत प्रदूषणकारी कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि धुआं इतना जहरीला है कि गांव का वातावरण दूषित हो रहा है, मवेशी बीमार पड़ रहे हैं और खेतों की पैदावार पर भी असर दिखने लगा है।



प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने बताया कि घरों में लगातार स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं और बच्चों की सेहत पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि फैक्ट्री से मात्र 200 मीटर दूरी पर स्थित सरकारी स्कूल में प्रदूषण के चलते भय का माहौल बना हुआ है। पहले 250 बच्चे अध्ययनरत थे, जिनमें से लगभग 150 को अभिभावकों ने स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अन्य स्कूलों में स्थानांतरित कर दिया है।ग्रामीणों ने माँग की है कि प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्री तुरंत बंद की जाए या पूरा गुवारड़ी गांव कहीं और बसाया जाए।

# महिला सुरक्षा व साइबर अपराध रोकथाम पर जागरूकता बैठक हुई आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

थाना परिसर में शुक्रवार को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और सामाजिक कुरीतियों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी ने की, जिसमें महिलाओं को सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन सेवाओं और पुलिस द्वारा चलाए जा रहे संरक्षण अभियानों की जानकारी दी गई।

बैठक में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की कार्यप्रणाली से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। थानाधिकारी ने बताया कि पूर्व में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महिलाओं की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाया जा रहा है।

साइबर अपराध रोकथाम, यातायात नियमों के पालन और सामाजिक कुरीतियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। महिलाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। श्रद्धा पचौरी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपनी शक्ति पहचानने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सखी हेल्पलाइन के प्रभावी उपयोग और सामाजिक न्याय को मजबूत करने की दिशा में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया।

# जहाजपुर से आज निकलेगी विकास रथ यात्रा, विधायक मीणा दिखाएंगे हरी झंडी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**गजानंद जोशी ।** प्रदेश में भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान' अभियान के तहत शनिवार को विकास रथ रवानगी कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा विधायक जन संवाद केंद्र से सुबह 10 बजे रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

रथ के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी क्षेत्र के ग्रामीणों तक पहुंचाई जाएगी।

कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।





QUICK BITES

## मुर्गीपालन अपनाकर आत्मनिर्भर बनें किसान : डॉ. बी. निर्मला

**भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास।**




कृषि विज्ञान केन्द्र भीलवाड़ा में नार्म हैदराबाद द्वारा प्रायोजित घर के पिछवाड़े मुर्गीपालन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण 8 से 12 दिसम्बर तक आयोजित हुआ। समापन पर प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बी. निर्मला ने किसानों से मुर्गीपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने और अतिरिक्त आय से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सी. एम. यादव ने मुर्गियों की उन्नत नस्लें, आहार, आवास एवं रोग प्रबंधन की जानकारी दी और बताया कि प्रत्येक किसान को प्रतापधन नस्ल के 20 चूजे व फीडर निःशुल्क वितरित किए गए। डॉ. लालचंद कुमावत ने बाजार मांग व विपणन की जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में डॉ. के. एल. जीनगर, डॉ. सुचित्रा दाधीच, डॉ. जे. एल. चौधरी, डॉ. एच. एल. बुगालिया सहित विशेषज्ञों ने तकनीकी मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में मुर्गियों के स्वास्थ्य प्रबंधन, इन्क्युबेटर, हेचिंग व केज प्रणाली पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जिले के 40 किसानों व किसान महिलाओं ने भाग लिया।

## श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन तीर्थ पर आज से भव्य जन्मकल्याणक महोत्सव, तैयारियां पूर्ण

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**



श्री चंवलेश्वर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र पर भगवान पार्श्वनाथ का जन्मकल्याणक महोत्सव और वार्षिक मेला इस वर्ष भी पारंपरिक हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष प्रकाश कासलीवाल ने बताया कि दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कासलीवाल ने बताया कि 13 दिसंबर को महोत्सव का शुभारंभ प्रातःकालीन बेला में श्रीजी के अभिषेक और शांतिधारा के साथ होगा इसके बाद दोपहर में जबलपुर से पधारे बाल ब्रह्मचारी विनोद भैया के सानिध्य में भव्य 'पार्श्वनाथ मंडल विधान' का आयोजन किया जाएगा।

इसी दिन दोपहर 3 बजे दिगम्बर जैन महिला महासमिति (चंवलेश्वर संभाग) का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किशनगढ़ से परम संरक्षक वृति श्राविका सुशीला ,शांता और तारिका जी पाटनी उपस्थित रहेंगी। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शीला डोडिया करेंगी

मेले के दूसरे दिन, 14 दिसंबर को प्रातःकालीन अभिषेक और शांतिधारा के बाद मूलनायक मंदिर जी एवं क्षेत्र के अन्य मंदिरों पर नवीन ध्वजा चढ़ाई जाएगी इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से ही मानव कल्याणः स्वामी जगदीश पुरी महाराज

**श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ, 501 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाल गुंजे भगवान के जयकारें**





**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़ ।**

उपखण्ड क्षेत्र के धामनिया गाँव मे श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार हुआ। इस मौके पर ओकारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से निकली 501 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने उमंग व श्रद्धा के साथ भाग लिया। गाजे-बाजे, बैण्डबाजों और धार्मिक जयकारों के बीच आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं ने शोभायात्रा में सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा का मान बढ़ाया,

यजमानों ने शोभायात्रा में ऊंट घोड़े पर सवार होकर विभिन मंदिरों के भगवान के ध्वज हाथों में लेकर शोभायात्रा में सहभागिता निभाई। कलश यात्रा धामनिया नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्री लक्ष्मीनाथ के बैवाण के साथ जयकारों के साथ भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा का उत्साह बढ़ाया। मार्ग में जगह-जगह भगवान श्री लक्ष्मीनाथ के बैवाण मैं विराजित भगवान की पूजन-अर्चन की गई, नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत किया।

कथा महोत्सव में कथावाचक शक्करगढ़ अमर ज्ञान निरंजनी आश्रम के स्वामी जगदीश पुरी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुँची, जहाँ वैदिक विधि विधान श्रीमद् भागवत एवं कलश की स्वामी जगदीश पुरी महाराज के द्वारा स्थापना की गई। ग्रामवासियों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 13 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आयोजित होगा, जिसमें प्रतिदिन स्वामी जगदीश पुरी महाराज के मुखारविंद से प्रेरणादायक कथा वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह और श्रद्धालुओं में विशेष उमंग देखने को मिल रही है। वही कथा स्थल पर आसपास के गांवो के सैकड़ों लोग बड़ी तादाद में पहुंच रहे हैं कथा का आनंद ले रहे हैं

श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कथा में शक्करगढ़ अमर ज्ञान निरंजन आश्रम के स्वामी जगदीश पुरी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य को मुक्ति प्राप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर अवश्य ही कथा श्रवण करना चाहिए, क्योंकि जिसने कथा सुनाई और जिसने सुनी दोनों का ही कल्याण सुनिश्चित है।

स्वामी ने आगे कहा कि अन्य युगों में भगवान को प्रसन्न करने हेतु कठोर तप और साधना करनी पड़ती थी, लेकिन कलियुग में निष्काम भाव से कथा का श्रवण ही सारे विकारों का नाश कर देता है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत एक कल्पवृक्ष के समान है, जो सत्य का बोध कराते हुए मनुष्य को भक्ति और मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करता है।

उन्होंने यह भी कहा कि कलियुग में श्रीमद्भागवत कथा की अत्यंत आवश्यकता है, क्योंकि यही हमें मृत्यु जैसे शाश्वत सत्य से अवगत कराती है और जीवन को सद्मार्ग पर प्रेरित करती है। प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने उपस्थित रहकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# ओम पालीवाल बार एसोसिएशन के दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।**

मांडलगढ़ बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर एडवोकेट ओम पालीवाल निर्वाचित घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर निहाल सेन ओर ओम पालीवाल के बीच कांटे की टक्कर रही। वहीं मतदाताओं ने शांतिपूर्ण मतदान किया।

बार एसोसिएशन के निर्वाचन अधिकारी के अनुसार अध्यक्ष पद पर कुल 68 मतदाताओं में से 63 मतदाताओं ने वोट डाले। जिसमे ओम पालीवाल को 35 ओर निहाल सेन को 27 वोट मिले, एक मत खारिज निकला। ओमप्रकाश पालीवाल ने निहाल सेन को 8 मत से पराजित किया।

ओमप्रकाश पालीवाल वर्ष 2014 में भी बार एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष बने थे। 2025 में पालीवाल ने 8 वोट से अपनी जीत दर्ज करा कर दूसरी बार अध्यक्ष पद हांसिल किया हैं।

बार एसोसिएशन चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट सुरेंद्र सिंह राजावत, सचिव पद पर मुकेश पडियार, सहसचिव पद पर कन्हैयालाल खटीक, कोषाध्यक्ष पद पर भेरूलाल शर्मा ओर पुस्तकालय अध्यक्ष पर ममता कुमारी मीणा निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए है।

चुनाव परिणाम के बाद बार के सदस्यों और शुभचिन्तकों ने निर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनन्दन कर बधाई दी।



# मीठी मलाई की दूसरी ब्रांच का भव्य शुभारंभ, शहर को मिली पहली प्रीमियम बेकरी

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

सुप्रसिद्ध बेकरी ब्रांड मीठी मलाई की दूसरी ब्रांच का उद्घाटन खन्या का बालाजी रोड, गांधीपुरी स्थित हाईप्रोफाइल कॉलोनी में धूमधाम से हुआ। सीतादेवी पेसवानी व रामचंद लालवानी ने फीता खोलकर विधिवत शुभारंभ किया। पंडित कल्याणमल दाधीच ने पूजा-अर्चना कर नई ब्रांच की उन्नति की कामना की।

नई ब्रांच में बेकरी प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। संचालक नवीन पेसवानी ने बताया कि सभी उत्पाद स्वच्छता व गुणवत्ता मानकों के साथ तैयार किए जाएंगे और कस्टम ऑर्डर भी लिए जाएंगे।



अतिथियों का स्वागत रमेश पेसवानी, नवीन पेसवानी और हितेश पेसवानी ने किया। ब्यावर से आए कमल-माया सामयानी ने भी शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान राजेंद्र बोहरा, चंद्रप्रकाश चौधरी, संदीप महावीर जीनगर, राजकुमार बैरवा, रामप्रसाद पारीक, सत्येंद्र मंडेला, भगवानसिंह यादव, शिव कुमार सोमानी, दिनेश बंटी, सत्यव्रत वैष्णव, चरणदास खींची, महावीर सैनी, डॉ. मोहम्मद ईशाक, अविनाश शर्मा, अत्तू खां कायमखानी, चांदमल मूंदड़ा, रामप्रकाश काबरा, गणेश सुगंधी, भैरूलाल लक्षकार, सूर्यप्रकाश आर्य, अनुज कांटिया, मोहन लखपतानी, गंगाराम आसवानी, ओम सिंधी, चेतन चंचलानी, नजरदेवी मूंदड़ा, कृष्णगोपाल मूंदड़ा, डॉ. कमलेश पाराशर, दुर्गालाल जोशी, जितेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार गौड़, रामदेव कुमावत, ईंदु धूपिया, सोनाली पोरवाल, सांवरिया सेठ के दीवाने ग्रुप, टीम तूफानी व टीम जीवरक्षणम के सदस्य उपस्थित रहे ।

# सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान , विद्यार्थियो को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान व सड़क दुर्घटना की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 25 दिसंबर तक 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है।



जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के अवसर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता पखवाड़े के तहत शुक्रवार को राजेंद्र मार्ग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम किया जिसमें 800 विद्यार्थियो को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया, सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुचाने पर नियमों कि जानकारी दी तथा स्कूली छात्रो को शहरी एंव राष्ट्रीय मार्गो पर वाहन चलाने के नियम की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा नियमों की पालना के लिए सभी को शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के अन्तर्गत परिवहन निरीक्षक अनिल शर्मा व मनीष कुमार , राजेंद्र मार्ग सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्य चंद्रसिंह गहलोत सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# चमनपुरा से आज शुरू होगी बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान रथ यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

प्रदेश की भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुरू किए गए विशेष अभियान बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत चमनपुरा से रथ यात्रा की शुरुआत होगी।



कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. लालाराम बैरवा शनिवार सुबह 10:30 बजे रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यात्रा महुआ खुर्द, खेड़लिया व बबराना होते हुए आगे बढ़ेगी। रथ यात्रा का रात्रि विश्राम बनेड़ा में निर्धारित है। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक कैलाश धाकड़ एवं सहसंयोजक महावीर सैनी के नेतृत्व में किया जाएगा ।

# पटेल नगर की समस्याओं पर विधायक कोठारी की तुरंत कार्रवाई, न्यास अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे पटेल नगर सेक्टर 11 के निवासियों की समस्याओं पर आखिरकार प्रशासन का ध्यान गया है। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने क्षेत्र की बदहाल स्थिति को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर स्थितियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए।

वर्ष 2010 में स्थापित इस कॉलोनी में लगभग 15 वर्षों से सड़क, बिजली, नाली और पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव बना हुआ था। तीन दिन पूर्व क्षेत्रवासियों ने नगर विकास न्यास को अपनी समस्याओं से अवगत कराया था, लेकिन उचित ध्यान न दिए जाने पर लोगों में नाराजगी थी। ऐसे में विधायक कोठारी ने स्वयं हस्तक्षेप करते हुए समस्याओं को प्राथमिकता से हल करवाने की पहल की। मौके पर निरीक्षण के दौरान विधायक कोठारी ने जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू से बात कर सेक्टर 11 में सड़क निर्माण, बिजली आपूर्ति, नाली व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता और उद्यान विकास जैसे कार्यों को शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर विकास न्यास के अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि मूलभूत सुविधाओं में



किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही क्षेत्र से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन को शिफ्ट करने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी जोर दिया गया, जिसकी अनुशंसा पूर्व में हो चुकी थी।

विधायक ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा और जल्द ही लोगों को इन समस्याओं से राहत मिलेगी। इस दौरान मनोज, गजेंद्र सिंह, सत्यनारायण गुग्गड, दिनेश सुथार, करण सिंह, बादल सिंह राठौड़, बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं न्यास के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईआईटी जोधपुर विशेषज्ञों द्वारा सेमीकंडक्टर तकनीक पर संगम विश्वविद्यालय में कार्यशाला, सारबिट इनोवेशन के साथ एमओयू हस्ताक्षर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

संगम विश्वविद्यालय, में स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज़ तथा आईटीबीआई सेल के सहयोग से सेमीकंडक्टर्स एंड देयर एप्लिकेशंस पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में आईआईटी जोधपुर के माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स विशेषज्ञ प्रो. अजय अग्रवाल और सारबिट इनोवेशन के फाउंडर व सीटीओ श्री सर्वर सिंह ने संबोधित किया।

कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की मांग और उद्योग आधारित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो.




अग्रवाल ने सेमीकंडक्टर की मूलभूत अवधारणाएँ, चिप निर्माण, सेंसर, द्धश्ज्ञ व भारत के उभरते सेमीकंडक्टर मिशन पर जानकारी दी। सर्वर सिंह ने सिलिकॉन वेफ़र, फोटोलिथोग्राफी और माइक्रो-डिवाइस निर्माण का लाइव डेमो प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण सारबिट इनोवेशन आईआईटी जोधपुर एवं संगम विश्वविद्यालय के बीच एमओयू हस्ताक्षर रहा, जो छात्रों व शोधकर्ताओं के लिए नए अवसर खोलेगा। उद्योग प्रतिनिधि सुभाष तिवारी व अनिल कुमार चपलोत ने भी प्रो. अग्रवाल के साथ स्किल डेवलपमेंट और भविष्योन्मुखी सहयोग पर चर्चा की। कार्यशाला का संचालन प्रो. सीमा काबरा ने किया तथा आयोजन प्रो. गुणमाला गुगलिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान राजसव कौशिक, डॉ. मनोज कुमावत, प्रो. आर.के. सोमानी, डॉ. विक्रम सिंह भाटी, डॉ. अभिषेक सक्सेना व डॉ. अतुल गांधी ने सहयोग प्रदान किया।

कुलपति प्रो. सक्सेना, प्रो. मानस रंजन पाणिग्रही और डॉ. आलोक कुमार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।


# सांवरिया सेठ ने केसरिया पोशाक, मेवाड़ी पगड़ी और सतरंगी लहरिए में दिए मनोहारी दर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले की आस्था के केंद्र श्री सांवरिया सेठ मंदिर, नौगांवा में शुक्रवार को पौष मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी के पावन अवसर पर प्रभु का अत्यंत अलौकिक एवं राजसी श्रृंगार किया गया। सुबह से ही सेठजी के मनमोहक दर्शन करने भक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में उमड़ी ।

इस दौरान सांवरिया सेठ को केसरिया रंग की विशेष कलात्मक पोशाक धारण कराई गई, जिसमें सुनहरे गोटा-किनारी का आकर्षक काम और दो सुंदर मयूर आकृतियाँ प्रमुख रूप से नज़र आईं। प्रभु के शीश पर मेवाड़ी पगड़ी के साथ सतरंगी लहरिया सजाई गई, जो राजस्थान की पारंपरिक शान और रंगोत्सव का प्रतीक रही। पाग पर जड़ी सफेद तुर्रा कलंगी ने उनके राजसी स्वरूप को और अधिक तेजस्वी बना दिया।

पंडित प्रकाश शर्मा और दीपक आनंद पाराशर ने बताया कि प्रभु के मस्तक पर केसर-चंदन का तिलक और कानों



के कुंडल उनके दिव्य श्रृंगार को निखार रहे थे। गले में सुसज्जित मोतियों के हार और कंठा भक्तों में श्रद्धा और भक्ति भाव का संचार कर रहे थे।

राजसी श्रृंगार के उपरांत हुई मंगला आरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और सुख-समृद्धि की कामना के साथ प्रभु के दर्शन का लाभ लिया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंदा प्रसाद सोडानी ने बताया कि अष्टमी का पर्व होने के कारण दर्शनार्थियों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक रही।

# कियोस्क तोड़ने की कार्रवाई से व्यापारियों में आक्रोश, जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

## उचित स्थान उपलब्ध कराने व पुनर्वास की रखी मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में यूआईटी द्वारा कियोस्कों को तोड़े जाने की कार्रवाई ने स्थानीय व्यापारियों में गहरा असंतोष पैदा कर दिया है। इसी मुद्दे को लेकर व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा और छोटे कारोबारियों को हो रही आर्थिक क्षति व भविष्य की असुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की।

व्यापारियों ने ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा पिछले 25 वर्षों से आवंटित दुकानों में कियोस्क धारक



नियमित रूप से व्यापार कर रहे थे। अचानक की गई तोड़फोड़ कार्रवाई न केवल उनके व्यवसाय के लिए झटका है, बल्कि कई परिवारों की आजीविका पर भी संकट खड़ा कर रही है। विशेष रूप से अजमेर चौराहे पर स्थित कियोस्कों में प्रत्येक दुकान में पाँच से दस लाख रुपये तक का सामान मौजूद था, जो तोड़फोड़ से प्रभावित हुआ है। व्यापारियों ने मांग की कि जिन कियोस्कों को हटाया गया है, उन सभी को 100 फीट या 200 फीट रोड पर वैकल्पिक स्थान दिया जाए, ताकि वे अपना व्यवसाय पुनः सुचारू रूप से चला सकें। साथ ही सुझाव दिया गया कि भविष्य में विवाद और असुविधा से बचने हेतु शहर के सभी कियोस्कों को एक तरफ व्यवस्थित रूप से विकसित कर नियमित किया जाए और बिना वैकल्पिक व्यवस्था के किसी भी कियोस्क को न तोड़ा जाए।

उन्होंने राज्य सरकार से भी छोटे व्यापारियों के लिए पर्याप्त व सुरक्षित व्यापारिक स्थान उपलब्ध कराने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलक्टर से आग्रह किया कि इन मांगों पर शीघ्र और सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि प्रभावित व्यापारियों को राहत मिल सके और शहर में सामान्य व्यापारिक गतिविधियाँ पूर्ववत बहाल हो सकें।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत विशाल रैली का होगा आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में शनिवार को जिला स्तरीय रथ यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न विधानसभाओं में जनप्रतिनिधि विकास रथ वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, जिनके माध्यम से राज्य सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए उपखण्ड अधिकारियों और खण्ड विकास अधिकारियों को क्रमशः नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसी क्रम में शनिवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत एक विशाल रैली का भी आयोजन होगा। रैली को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसका उद्देश्य आमजन को सुरक्षित वाहन संचालन व यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है।

## QUICK BITES

# जरूरतमंद बच्चों को किया स्वेटर वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



**मानव तिवारी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयानगर में जरूरतमंद विद्यार्थियों को द्वारिका हॉस्पिटल की ओर से स्वेटर वितरित किए ।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में डॉ. गोपाल धाकड़ ने सभी जरूरतमंद बालक बालिकाओं को स्वेटर प्रदान किए। विद्यालय परिवार की ओर से डॉ. धाकड़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि उनके इस सहयोग से ठंड के मौसम में बच्चों को बड़ी राहत मिलेगी।

# अभिभाषक परिषद के चुनाव संपन्न, पंकज कोषाध्यक्ष, मनीष सह सचिव व सुनील पुस्तकालय अध्यक्ष निर्वाचित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



कोषाध्यक्ष पंकज कुमार धाकड़



सह सचिव मनीष धाकड़



पुस्तकालय अध्यक्ष सुनील धाकड़



कस्बे की अभिभाषक परिषद के चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी नरेश सिंह तंवर एवं सहायक चुनाव अधिकारी संजय धाकड़ ने बताया कि मतदान के बाद घोषित परिणामों में पंकज कुमार धाकड़ कोषाध्यक्ष, मनीष धाकड़ सह सचिव तथा सुनील धाकड़ पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर विजयी रहे।

परिषद में अध्यक्ष जगदीश चंद्र धाकड़, उपाध्यक्ष राजू लाल धाकड़ तथा महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे।

चुनाव प्रक्रिया सौहार्द, अनुशासन एवं लोकतांत्रिक परंपरा के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न होने पर निर्वाचन अधिकारियों ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# सड़कें बदहाल, ग्रामीणों ने की पेचवर्क व मरम्मत की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ**



टीठोड़ा जागीर क्षेत्र की सड़कों की हालत दिनों-दिन खराब होती जा रही है। टूट-फूट व गड्ढों से भरी सड़कों पर आवागमन ग्रामीणों के लिए मुश्किल बन गया है। ग्रामीणों ने तत्काल पेचवर्क व सड़क मरम्मत की मांग उठाई है।

उप सरपंच किशनलाल मेघवंशी ने बताया कि टीठोड़ा जागीर से अडिमलजी का खेड़ा जाने वाली सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इसी मार्ग पर मेज नदी पर बनी पुलिया भी क्षतिग्रस्त है। कई बार विभाग को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई कार्य शुरू नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

राजकुमार शर्मा ने बताया कि खेरूणा से टीठोड़ा जागीर जाने वाली सड़क भी जर्जर स्थिति में है। गहरे गड्ढों के कारण वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शर्मा ने कहा कि विभागीय अनदेखी के कारण आमजन लंबे समय से परेशानी झेल रहा है, लेकिन अधिकारियों का ध्यान अब तक इस ओर नहीं गया है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से तत्काल सुधारात्मक कार्य शुरू करने व जल्द से जल्द सड़क मरम्मत करवाने की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।